कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांकः— 801 /11—सी—FP/UP/Approach/143095/2021, लखनऊ, दिनांकः सितम्बर 07 ,2021

सेवा में,

वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक,
देवीपाटन वृत्त,
गोण्डा।

विषयः— जनपद—गोण्डा में इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लि0 द्वारा फरेन्दा—जरवल मार्ग—1ए (नव घोषित एन0एच0—30) के किमी0 सं0—218.400 से 217.600 के मध्य बांयी पटरी पर गाटा सं0—1261 व 1262 पर स्थित ग्राम—सकरौरा नगर, तहसील—करनैलगंज, जिला—गोण्डा में प्रस्तावित रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु प्रभावित 0.017248 हे0 संरक्षित वनभूमि का बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के संबंध में।

सन्दर्भः— भारत सरकार का पत्रांक—8बी/यू0पी0/06/47/200/2021/एफ0सी0/321, दिनाँक—18.08.2021, इस कार्यालय का पृष्ठांकन सं0—643/11—सी—FP/UP/Approach/143095/2021, दिनांक—24.08.2021 एवं आपका पत्रांक—800/33—1, दिनांक 06.09.2021

महोदय,

भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में की गयी आपत्तियों का निराकरण आपके उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 06.09.2021 के द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है, जिसके परीक्षणोपरान्त निम्न कमियों/अभिलेखों का अभाव पाया गयाः—

1. प्रभागीय वनाधिकारी, गोण्डा वन प्रभाग, गोण्डा द्वारा भारत सरकार द्वारा की गयी आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण प्रेषित नहीं किया गया है।
2. भारत सरकार की आपत्ति सं0—02 के निराकरण के क्रम में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा वांछित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया गया है।
3. क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित वनभूमि की संशोधित के0एम0एल0 फाइल एवं Geo Referenced Digital Map ऑनलाइन भाग—2 के क्रमांक—13(i) एवं 13(iii) में अपलोड नहीं किया गया है।

अतः उपरोक्त इंगित कमियों का निराकरण कर संशोधित सूचना/अभिलेख संस्तुति सहित तीन प्रतियों में इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांकः— 801 /11—सी—FP/UP/Approach/143095/2021, दिनांकित।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. प्रभागीय वनाधिकारी, गोण्डा वन प्रभाग, गोण्डा।
2. वरिष्ठ प्रबन्धक (खुदरा बिक्री), लखनऊ मण्डलीय कार्यालय, इंडियन आयल कार्पो0 लि0, कपूरथला कॉम्प्लेक्स, अलीगंज, लखनऊ।

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-115